आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 मंगलवार 26.03.2024

मुख्य समाचारः–

1– निर्वाचन आयोग ने राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को भीषण गर्मी और लू के संबंध में परामर्श जारी किया–मतदान केन्द्रों पर पेयजल और छाया की न्यूनतम बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश।

2– लोकसभा चुनाव के पहले चरण के तहत बस्तर लोकसभा क्षेत्र में नामांकन जमा करने की कल अंतिम तिथि–अब तक चार उम्मीदवारों ने भरे नामांकन।

3– आचार संहिता का उल्लंघन करने के मामले में बस्तर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा के खिलाफ एफआईआर दर्ज।

4– राष्ट्रीय योगासन चैंपियनशिप का आयोजन अट्ठाईस से तीस मार्च तक भिलाई में किया जाएगा।

चुनाव आयोग–परामर्श

निर्वाचन आयोग ने राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को भीषण गर्मी और लू के संबंध में परामर्श जारी किया है। इसमें कहा गया है कि मौसम विभाग ने गर्मी के मौसम के दौरान सामान्य से अधिक तापमान रहने की संभावना व्यक्त की है, जिसके कारण मार्च से जून के बीच लंबे समय तक भीषण गर्मी और लू की स्थिति पैदा हो सकती है। आयोग ने इस सिलसिले में गर्मी के असर से बचाव के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन अधिकरण की ओर से दिशा–निर्देश की प्रतियां साझा की गई हैं। अधिकरण के परामर्श के अनुसार लोगों को धूप में निकलने, विशेष रूप से दोपहर बारह बजे से तीन बजे के बीच बाहर निकलने से बचने की सलाह दी गई है। साथ ही उन्हें आवश्यक मात्रा में पानी पीने के लिए कहा गया है। लोगों को बासी खाना खाने से परहेज करने की भी सलाह दी गई है। आयोग ने मुख्य निर्वाचन आधिकारियों को मतदान केन्द्रों पर पेयजल और छाया की न्यूनतम बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

बस्तर लोकसभा–नामांकन

प्रदे�ा में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के तहत बस्तर लोकसभा क्षेत्र में नामांकन जमा करने की कल अंतिम तिथि है। आज भाजपा प्रत्याशी महेश कश्यप और हमरराज पार्टी के प्रत्याशी नरेंद्र बुरका ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। श्री कश्यप के नामांकन दाखिल करने के दौरान प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव मौजूद थे। अब तक इस सीट के लिए चार उम्मीदवारों ने अपना नामांकन दाखिल किया है। अट्ठाईस मार्च को नामांकन पत्रों की जांच होगी। उम्मीदवार तीस मार्च तक नाम वापस ले सकेंगे। इस सीट के लिए उन्नीस अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ की ग्यारह लोकसभा सीटों पर तीन चरणों में मतदान होगा।

कवासी लखमा–एफआईआर

बस्तर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा के खिलाफ आचार संहिता का उल्लंघन करने के मामले में एफआईआर दर्ज की गई है। वहीं, जगदलपुर के शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य पर भी एफआईआर दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार बीते रविवार को जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा बाइक रैली का आयोजन किया गया था। इस दौरान दंतेश्वरी मंदिर में

दर्शन के बाद कवासी लखमा होलिका दहन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम की एक तस्वीर सोशल मीडिया में वायरल हुई है, जिसमें कवासी लखमा वहां मौजूद लोगों को पैसे बांटते हुए नजर आ रहे हैं। इस मामले को बस्तर जिला प्रशासन ने आचार संहिता का उल्लंघन मानते हुए उन पर एफआईआर दर्ज की है।

इस बीच, भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा है कि आचार संहिता के दौरान कवासी लखमा ने नोट बांटकर आचार संहिता का उल्लंघन किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की नोट बांटकर वोट खरीदने की साजिश कभी पूरी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा इस मामले की केंद्रीय चुनाव आयोग से शिकायत कर कवासी लखमा का नामांकन रद्द करने की मांग करेगी।

<u>मतदान केन्द्र–परिवर्तन</u>

लोकसभा चुनाव के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से मोहला–मानपुर–अंबागढ़ चौकी जिले के मानपुर विकासखंड के सत्रह मतदान केन्द्रों का स्थान परिवर्तित किया गया है। जिला प्रशासन के अनुसार माओवाद प्रभावित क्षेत्र में स्थित इन बूथों को आसपास के गांवों में शिफ्ट किया गया है।

<u>मतदाता जागरूकता कार्यक्रम</u>

लोकसभा चुनाव के दौरान मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने प्रदेशभर में इन दिनों विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में कोरिया जिले के बैकुंठपुर जनपद पंचायत में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत पंजीकृत स्व–सहायता समूह के सदस्यों की उपस्थिति में नये मतदाताओं का चिन्हांकन किया गया। वहीं, महिला समूह के सदस्यों के बीच स्वीप कार्यक्रम की थीम पर मेहंदी, रंगोली सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

इसी तरह, मुंगेली जिले के रोहराकला और परसदा सहित विभिन्न गांवों में दीवार लेखन के माध्यम से शत–प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसके तहत जिले के महाविद्यालयों में वाद–विवाद, निबंध लेखन, रैली, नुक्कड़–नाटक, चित्रकला, स्लोगन और क्विज जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जा रहा है।

स्वीप कार्यक्रम के तहत मुंगेली के कलेक्टर कार्यालय में ''लोकतंत्र का रंग मतदान के संग'' थीम पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल देव ने अधिकारी–कर्मचारियों को स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान के लिए शपथ दिलाई।

वहीं, मतदाताओं में मतदान के प्रति जागरूकता लाने और निर्वाचन प्रक्रिया में सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए कल सत्ताईस मार्च को जांजगीर–चांपा जिले के सभी विकासखंडों में ब्लॉक स्तरीय मैराथन दौड़ का आयोजन किया जाएगा।

<u>सी–विजिल ऐप</u>

निर्वाचन आयोग सी–विजिल ऐप के जरिए लोकसभा चुनाव प्रक्रिया पर पैनी नजर रख रहा है। यह ऐप आदर्श आचार संहिता के उल्लंघनों की रिकॉर्डिंग, रिपोर्टिंग और समाधान के लिए है। इस मोबाइल ऐप के माध्यम से कोई भी व्यक्ति आदर्श आचार संहिता के किसी भी उल्लंघन जैसे धनराशि या शराब बांटने संबंधी सूचना मिनटों में कर सकता है।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि यह सी–विजिल ऐप नागरिकों को आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की रिपोर्ट करने का अधिकार देता है और सौ मिनट के अंदर कार्यवाही का आश्वासन भी देता है। यह सी–विजिल ऐप सतर्क नागरिकों को सीधे जिला नियंत्रण कक्ष, रिटर्निंग अधिकारी और फ्लाइंग स्क्वाड टीम से जोड़ता है। इस ऐप का उपयोग

करके, कोई भी नागरिक राजनीतिक कदाचार की किसी भी घटना की रिपोर्ट चुनाव आयोग को कर सकता है और इसके लिये उन्हें रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय जाने की आवश्यकता नहीं है। इसके अलावा इस ऐप के माध्यम से आम नागरिक भी अपनी शिकायत पर हुई कार्यवाही के संबंध में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

<u>जांजगीर–नोडल अधिकारी बैठक</u>

जांजगीर–चांपा जिले के संयुक्त कलेक्टर ज्ञानेन्द्र ठाकुर ने आज अनिवार्य सेवाओं के रूप में अधिसूचित स्वास्थ्य, विद्युत और प्राधिकार प्राप्त मीडियाकर्मी सहित विभिन्न विभागों के नोडल अधिकारियों की जिला स्तरीय बैठक ली। बैठक में उन्होंने डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा प्रदान करने के संबंध में जानकारी दी। बैठक में श्री ठाकुर ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा अनिवार्य सेवाओं के रूप में दस सेवाओं को अधिसूचित किया गया है।

<u>दीपक बैज–महालक्ष्मी योजना</u>

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि केन्द्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर पार्टी ने महिलाओं के लिए महालक्ष्मी योजना लागू करने का वायदा किया है। इसके तहत हर महिला को प्रतिमाह आठ हजार तीन सौ तैंतीस रूपये दिया जाएगा। श्री बैज ने कहा कि महिलाओं को सालाना एक लाख रूपये देने के निर्णय को पार्टी कार्यकर्ता बैनर, पाम्पलेट और प्रचार फॉर्म के माध्यम से प्रदेश के सभी ग्यारह लोकसभा क्षेत्रों की हर महिला मतदाता तक पहुंचाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि केन्द्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर केन्द्रीय नौकरियों में आधी भर्तियां महिलाओं की, की जाएगी। इसके साथ ही आशावर्कर, आंगनबांड़ी और मिड–डे मील की कार्यकताओं की केन्द्रीय सहायता दोगुनी की जाएगी।

<u>दुर्घटना</u>

सक्ती जिले में आज हुई एक सड़क दुर्घटना में एक युवक और युवती की मौत हो गई है। वहीं, दो अन्य युवतियां गंभीर रूप से घायल हो गई हैं। मिली जानकारी के अनुसार जांजगीर–चांपा जिले के बरगांव से तीन भाई–बहन और कुकदा गांव की रहने वाली एक अन्य युवती कार में सवार होकर रायगढ़ जा रहे थे। इसी दौरान सक्ती जिले के पतेरपाली और मसनियाकला गांव के बीच उनकी कार अनियंत्रित होकर खेत में जाकर पलट गई। इस हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि, दो अन्य युवतियों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

<u>ट्रेन परिचालन</u>

रेल प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दुर्ग–हटिया द्वि–साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन का परिचालन उनतीस मार्च से बढ़ाकर अट्‌ठाईस जून तक कर दिया है। यह ट्रेन दुर्ग से हटिया के लिये प्रत्येक बुधवार और शुक्रवार को आगामी तीन अप्रैल से अट्‌ठाईस जून तक चलेगी। इसी तरह, यह ट्रेन हटिया से प्रत्येक मंगलवार और गुरुवार को दो अप्रैल से सत्ताईस जून तक चलाई जाएगी।

इस बीच, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल के अंतर्गत बाराद्वार और सक्ती स्टेशनों के बीच स्थित सकरेली फाटक को सुरक्षागत कारणों से एक अप्रैल से स्थायी रूप से बंद करने का निर्णय लिया गया है। सडक यातायात के लिए वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था राष्ट्रीय राजमार्ग–उनचास में नवनिर्मित रोड ओवरब्रिज से की गई है।

राष्ट्रीय योगासन चैंपियनशिप

राष्ट्रीय योगासन चैंपियनशिप का आयोजन अट्ठाईस से तीस मार्च तक भिलाई में किया जाएगा। राष्ट्रीय योग फेडरेशन ऑफ़ इंडिया और छत्तीसगढ़ प्रेम निरंजन योगासन खेल संघ तथा योग लंगर भिलाई के तत्वावधान में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में पांच सौ से अधिक खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के अलावा असम, त्रिपुरा, तमिलनाडु और केरल सहित विभिन्न राज्यों के प्रतिभागी शामिल होंगे।

संक्षिप्त समाचार

– बीजापुर जिले के बासागुड़ा थाना क्षेत्र में कल अज्ञात लोगों द्वारा किए गए हमले में गंभीर रूप से घायल एक अन्य व्यक्ति की भी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई है। इस हादसे में दो लोगों की मौत पहले ही हो चुकी थी। इन लोगों पर कुल्हाडी़ से हमला किया गया था।

– बिलासपुर जिले के मस्तुरी में होली के मौके पर कल आपसी विवाद के चलते एक व्यक्ति ने अन्य व्यक्ति पर गोली चला दी। इस घटना में घायल व्यक्ति को मस्तुरी के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से राइफल भी जब्त कर ली है।

– मनेन्द्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर जिले के गोदरीपारा बी.टाईप में मधुमक्खी के हमले से एक महिला की मौत हो गई।

– प्रदेश के अधिकतम तापमान में अगले तीन दिनों के दौरान लगातार वृद्धि होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी हवाओं का प्रभाव बढ़ने के कारण प्रदेश में कल से मौसम शुष्क रहने के आसार हैं।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>